आईआईएम रांची ने यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम लॉन्च किया

फोटो है - कार्यक्रम में स्कूलों के 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को भी जोड़ा

अगला लेख

ऐप पर पढ़ें

Newswrap हिन्दुस्तान टीम,रांची

Sat, 13 May 2023 06:10 PM

हमें फॉलो करें

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची ने अपनी रणनीतिक योजना आईआईएम ऐट-2030 के तहत यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य युवा नेतृत्वकर्ताओं को प्रोत्साहित करना है। यह एक तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा, जो विद्यार्थियों को आदिवासी गांवों का पता लगाने, उनकी चुनौतियों को समझने और सहयोग के रूप में व्यावहारिक समाधान विकसित करने का मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में राजधानी के विभिन्न स्कूलों के 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को भी जोड़ा जाएगा। शनिवार को आईआईएम, रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक लगभग 4000 स्कूली बच्चों के इस कार्यक्रम में भागीदारी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। आयोजन से प्राप्त सभी आय का उपयोग आदिवासी गांवों के विकास में किया जाएगा।

विज्ञापन

गांवों में विकास के लिए कर रहे काम

वर्तमान में आईआईएम के विद्यार्थी अपने सामाजिक प्रभाव इंटर्नशिप के तहत आईआईएम, रांची के गोद लिये हुए गांवों में विकास के लिए काम कर रहे हैं। यंग चेंजमेंकर्स के तहत तीन दिवसीय शिविर 26-27 मई तक चलेगा। पहला दिन उन्मुखीकरण का होगा, जिसमें विद्यार्थियों को सामाजिक कार्य और सामुदायिक सेवा की अवधारणा से अवगत कराया जाएगा। प्रतिभागियों को आईआईएम के प्राध्यापकों व विशेषज्ञों से सीखने का मौका मिलेगा। दूसरे प्रतिभागियों को एक आदिवासी बहुल गांव रासाबेड़ा ले जाया जाएगा। यहां ग्रामीण की सामने आनेवाली चुनौतियों और अन्य समस्याओं का आकलन किया जाएगा। तीसरे दिन सभी प्रतिभागी कुछ सामाजिक मुद्दों के लिए व्यावहारिक और अभिनव समाधान विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

प्रमोटेड आर्टिकल्स

Electric Bike Prices In 2023 Might Surprise You!

ऐप पर पढ़ें

दो घंटे में ही चकनाचूर हो गया सात जन्मों का रिश्ता, दुल्हन की हरकत देख दंग रह गया दूल्हा

Villas In Dubai (See Prices)

Bageshwar Dham: बागेश्वर सरकार से पप्पू यादव ने पूछा, अपने इस रिश्तेदार का पर्चा क्यों नहीं...

Agripro 52 cc Wheeled Brush Cutter...

सगाई के बाद मीडिया के सामने आए परिणीति-राघव, एक्ट्रेस के भाइयों ने पपराजी को बांटी मिठाइयां

Kitchen Remodeling Trends in 2023 Might Surprise You
Kitchen Remodeling | ... | Sponsored

CBSE 12वीं में 73 प्रतिशत लाने वाली लड़की ने लगाई फांसी, IIT के लिए कर रही थी JEE Advance...

प्रतिभागी अपने विचार और प्रस्ताव विशेषज्ञों और समुदाय के प्रतिनिधियों के सामने प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के शीष प्रतिभागियों को प्रोग्राम लॉरेट सर्टिफिकेट दिया जाएगा। निदेशक ने बताया कि आईआईएम, रांची का उद्देश्य रसबेड़ा के ग्रामीणों की सामाजिक-आर्थिक स्थित को सुधारना और इंटर्नशिप के बाद काम जारी रखना है।

यह हिन्दुस्तान अखबार की ऑटोमेटेड न्यूज फीड है, इसे लाइव हिन्दुस्तान की टीम ने संपादित नहीं किया है।

अगला लेख

Ranchi News Ranchi Latest News Jharkhand News अन्य..

विज्ञापन

You May Like

Unsold emergency generators sell for next to nothing
Emergency Generator | Search Ads

Belly Fat Removal Without Surgery In Ranchi: The Price Might Surprise You
Affordable Liposuction

ऐप पर पढ़ें

'द केरल स्टोरी' की तरह हिंदू लड़की के साथ लिव-इन में रेप के बाद हैवानियत, उत्तराखंड में निशाने पर कई लड़कियां
Live Hindustan

प्रमुख खबरें

पिता राजीव की गलती राहुल ने सुधारी, लिंगायत लौटे तो बने बाजीगर; समझें